NEWS CLIPPING: 14.05.2020

PUNJAB KESARI

'सतत भविष्य के लिए तकनीकी नवाचार' विषय पर वेबिनार

फरीदाबाद, 13 मई (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में 'सतत भविष्य के लिए तकनीकी नवाचार' विषय पर राष्ट्रीय स्तर के एक दिन के वेबिनार सत्र का आयोजन किया गया। वेबिनार सत्र का आयोजन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने विद्यार्थियों को अपने नवीनतम विचारों को इनोवेशन में बदलने के लिए प्रयत्न करने के लिए प्रेरित किया और बताया कि किस तरह से कड़ी मेहनत द्वारा सफलता को हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) में सलाहकार (प्रसारण और केबल सेवा) श्रअनिल कुमार भारद्वाज और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में स्टार्ट-अप हब के निदेशक डॉ. अजय कुमार गर्ग प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित थे। दोनों वक्ताओं ने महामारी संकट के इस समय में तकनीकी नवाचार के बारे में बहुमूल्य जानकारी दी और बताया कि कैसे भारत इनोवेटर्स बना सकता है और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने इनक्यूबेटर, इनोवेशन और विभिन्न संबंधित विषयों के बारे में भी बात की। सत्र के समापन पर कुलसचिव प्रो. सुनील गर्ग ने वक्ताओं का आभार जताया। इस कार्यक्रम का आयोजन डीन अकादमिक प्रो. विक्रम सिंह और निदेशक, एलुमनी एवं कॉरपोरेट अफेयर्स डॉ. संजीव गोयल की देखरेख में किया गया। सत्र का संयोजन क युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट में अंग्रेजी की सहायक प्रोफेसर अनुपमा श्योराण द्वारा किया गया।

NEWS CLIPPING: 14.05.2020

NAVBHARAT TIMES

छात्रों को इनोवेशन के लिए प्रेरित किया

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद: जेसी बोस यूनिवर्सिटी की तरफ से राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के मौके पर 'सतत भविष्य के लिए तकनीकी नवाचार' विषय पर वेबिनार सत्र का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय सत्र का आयोजन कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार की उपस्थिति में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने छात्रों को अपने विचारों को इनोवेशन में बदलने का प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) में सलाहकार अनिल कुमार भारद्वाज और इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में स्टार्ट-अप हब के निदेशक डॉ. अजय कुमार गर्ग प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित थे। दोनों वक्ताओं ने बताया कि कैसे भारत इनोवेटर्स बना सकता है और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने इनक्यूबेटर, इनोवेशन व विभिन्न संबंधित विषयों के बारे में भी बात की।

NEWS CLIPPING: 14.05.2020

THE PIONEER

तकनीकी नवाचार विषय पर वेबिनार का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में 'सतत भविष्य के लिए तकनीकी नवाचार' विषय पर राष्ट्रीय स्तर के एक दिन के वेबिनार सत्र का आयोजन किया गया।

वेबिनार सत्र का आयोजन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने विद्यार्थियों को अपने नवीनतम विचारों को इनोवेशन में बदलने के लिए प्रयत्न करने के लिए प्रेरित किया और बताया कि किस तरह से कड़ी मेहनत द्वारा सफलता को हासिल किया जा सकता है।

इस अवसर पर भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) में सलाहकार (प्रसारण और केबल सेवा) श्री अनिल कुमार भारद्वाज और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में स्टार्ट-अप हब के निदेशक डॉ. अजय कुमार गर्ग प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित थे। दोनों वक्ताओं ने महामारी संकट के इस समय में तकनीकी नवाचार के बारे में बहुमूल्य जानकारी दी।